## सार-समाचार

### मॉक ड्रिल आयोजित

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ीनगर के केसीसी प्रोजेक्ट की कोलिहान खदान में एक साल पूर्व हुई दुर्घटना को देखते हुए केसीसी प्रोजेक्ट की रैस्क्यू टीम ने शुक्रवार को मॉक ड्रिल की। इस दौरान काल्पनिक रूप से घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पंहुचा कर उपचार करवाया गया। रैस्क्यू टीम प्रभारी अब्दुल तस्लीम आलम के सानिध्य में मॉक ड्रिल की गई। अब्दुल तस्लीम आलम ने बताया कि सूचना मिली की एक कर्मचारी अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर रैस्क्यू टीम मौके पर पहुंच कर कर्मचारी की जांच की, जिसमें पाया की घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। टीम ने घायल कर्मचारी को घटना स्थल पर प्राथमिक उपचार दिया। घायल कर्मचारी को वर्टिकल शॉफ्ट से ऊपर की तरफ ले जाना था, वर्टिकल लिफटिंग एवं स्टैक्चर की सहायता से ऊपर पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कोलिहान खदान में जो हादसा हुआ था उसमें भी सभी घायलों को वर्टिकल लिफ्टिंग कर स्टैक्चर की सहायता से ऊपर तक लेकर आए थे। कोलिहान खदान में 13 मई को लिफ्ट की चैन टूटने से हादसा हो गया था। इस दौरान लिफ्ट में 15 लोग सवार थे, जिसमें एक अधिकारी की मौत हो गई थी। वहीं घायलों को रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाल कर बडी मिशाल पेश की थी।इस दौरान टीम में कमलेश कुमार सैनी, शशिकांत छावडी, ओमप्रकाश, रवि कुमावत, मुकेश पाल आदि शामिल थे।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजित

**रनतगढ़** (निसं)। स्थानीय ग्रामीण किसान छात्रावास स्थित सभागार में संस्थान की आम सभा आयोजित की गई। इससे पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित जनों ने चौधरी चरण सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके गौरवशाली इतिहास को याद किया। भगीरथ खीचड़, सोहनलाल चबरवाल,विक्रमपाल थालौड़, शिवलाल ढेवा ,रामचंद्र खीचड़, छात्र कैलाश भींचर और संस्थान अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर ने चरणसिंह के जीवनवृत और उनके समाज व राष्ट्र को दिए योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। सचिव पवन सेवदा ने बताया कि कार्यक्रम का द्वितीय सत्र गुलाराम पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें संस्थान अध्यक्ष सुल्तान सिंह भींचर और कोषाध्यक्ष खींवाराम ख्यालिया ने सदन में प्रतिवेदन पेश करते हुए विकास कार्यों का ब्यौरा दिया और वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके उपरांत प्रतिवेदन पर बहस और प्राप्त सुझावों पर प्रति उतर पेश किया। इस अवसर पर हनुमान न्योल,महेंद्र डूडी, गोविंदराम ढाका, नानूराम बिरडा, सांवरमल बढजाति, गोपीचंद खीचड़, रामेश्वरलाल सूंडा, हरबंश जानू,अर्जुनराम कुल्हरी, रामचंद्र ऐचरा,हनुमान न्यौल, शीशपाल, सहीराम सिंवाल, सहित छात्रावास के विद्यार्थी और समाज जन उपस्थित थे। संचालन अधीक्षक शुभकरण नैण ने किया।

### स्केटिंग का शानदार प्रशिक्षण

**सीकर** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में 17 मई से 25 जून 2025 तक पीएम श्री राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर रोड सीकर में आयोजित जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन कौशल विकास अभिरूचि, हस्तकला ,लघु उद्योग प्रशिक्षण शिविर में चेतन मिश्रा स्केटिंग प्रशिक्षक द्वारा बालक बालिकाओं को स्केटिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसमें जंप मारना, हर्डल्स में से निकलना, बैलेंस बनाना वह अन्य विधाओं का शानदार अभ्यास करवाया जा रहा है। स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण दीनदयाल शर्मा द्वारा, जूट, सुतली से विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट आइटम बनाने का प्रशिक्षण डॉक्टर निकिता ढाका द्वारा दिया जा रहा है, इसके साथ-साथ योगाभ्यास का कार्य पवन कुमार शारीरिक शिक्षक द्वारा करवाया जा रहा है। इसके साथ-साथ विभिन्न दक्ष प्रशिक्षक द्वारा बालक बालिकाओं महिलाओं को अनेक प्रकार के हुनर सिखाए जा रहे हैं।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. माण्डिया का स्वागत

**चूरू** (निसं)। चूरू जिला सहकारी भूमि विकास बैंक सभागार में राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर शुक्रवार को बैंक सचिव डॉ. सुनील कुमार माण्डिया का भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष ईशरराम डूडी ने की। इस अवसर पर स्टॉफ सदस्यों ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर व शाल ओढाकर डॉ. माण्डिया का अभिनंदन किया। गौरतलब है कि डॉ. सुनील कुमार माण्डिया का चूरू से स्थानांतरण हो गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये वर्तमान सचिव निशा कुमारी ने डॉ. सुनील कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा की और आगे भी इनके मार्गदर्शन में कार्य करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मनफूल सिंह पुनिया, भारत भूषण शर्मा, लियाकत अली, प्रभुदयाल सैनी, सुरेंद्र सोलंकी, तिलोकचंद, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार, महेंद्र, रोहिताश, धर्माराम सहित बड़ी संख्या में स्टॉफ सदस्य व शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. माण्डिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### शिविर में 235 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 235 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, प्रदीप कुमार शुक्ला, कैलाशचंद्र शर्मा, शिवप्रसाद महर्षि, अकराज कुरैशी, अशोक कुमार शर्मा, डॉ. मूलसिंह, सहायक प्रमोद कुमार, डॉक्टर्स टीम व काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### संभाग प्रभारी दुग्गल का अभिनंदन किया

**चूरू** (निसं)। अनूपगढ़ के पूर्व विधायक व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के बीकानेर संभाग प्रभारी पवन दुग्गल का चूरू पधारने पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुग्गल ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और कार्यकर्ताओं को योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आ ान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुभाष सातडा, दीनदयाल खारडिया, जिला उपाध्यक्ष अमित कानखेडिया, जिला मंत्री नितिन हठवाल, मंडल अध्यक्ष अमित कंवल, परमेष्वर हठवाल आदि उपस्थित थे।

### छावनी बाजार में आज अवकाश रहेगा

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री गल्ला व्यापार संघ झुंझुनूं के निर्णय अनुसार मासिक अवकाश के संदर्भ में महीने के आखिरी दिवस पर 31 मई को बाजार बंद रहेगा। जानकारी देते हुए गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा एवं सचिव विपिन राणासरिया ने बताया कि पिछले काफी समय से छावनी बाजार के व्यापारी मासिक अवकाश के अंतर्गत महीने के अंतिम दिवस पर बाजार बंद करते आ रहे हैं। इस क्रम में 31 मई को छावनी बाजार बंद रखने का निर्णय रखा गया है। महीने के अंतिम दिवस 31 मई को जोशियों की कुटिया से लेकर छावनी बाजार एवं गोल मंडी बालाजी तक जो भी खुदरा एवं थोक की दुकान है पूर्णतया बंद रहेगी।

### स्वच्छता मिशन की बैठक तीन जून को

**सीकर** (निसं)। अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी सीकर रमेश कुमार राठी ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस 2 तथा जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 3 जून 2025 मंगलवार को प्रात: 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में आयोजित की जायेगी।

### अभिसरण समिति की बैठक दो को

**सीकर** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उप निदेशक प्रियंका पारीक ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में गठित जिला पीएमजीएवाई अभिसरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 2 जून 2025 को प्रात: 11 बजे आयोजित की जाएगी।

### कार्यभार ग्रहण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग में बतौर सदस्य मनोनीत हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने जयपुर में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# उद्योग विभाग की कार्यशाला में योजनाओं की जानकारी दी

**सीकर,** (निसं)। जिले में औद्योगिक विकास और निवेश को गति देने के लिए शुक्रवार को होटल रॉयल ईन में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, सीकर द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्यिमयों को राज्य सरकार की निवेश प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे इनका लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें। कार्यशाला में जिले के व्यवसायी और निवेशक उत्साह के साथ शामिल हुए।

कार्यशाला में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग और रीको के वरिष्ठ महाप्रबंधक अनिल खंडेलवाल ने उद्यिमयों को राजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। सीए विष्णु गोयल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024, राजस्थान डाटा सेंटर पॉलिसी 2025, राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2025, राजस्थान टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी 2025, राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति 2024, राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति 2024 और राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी 2024 जैसी योजनाओं के लाभ, सब्सिडी और आवेदन प्रक्रिया को सरल शब्दों में निवेशकों को समझाया। वहीं, कृषि विपणन विभाग के कन्हैयालाल ढाका ने फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में उपलब्ध सरकारी योजनाओं और सब्सिडी की जानकारी साझा की।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने कहा, "राज्य सरकार की ये नीतियां सीकर में औद्योगिक विकास को नई दिशा देंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाएंगी।" अतिरिक्त जिला कलेक्टर कुमार ने उद्यिमयों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन निवेश बढ़ाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि उद्यमी बाजार की मांग और रुझानों के आधार पर उद्योग स्थापित करें और मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दें, ताकि व्यवसाय का विस्तार हो सके। कार्यशाला में प्रमुख व्यवसायी दौलत राम गोयल सहित अन्य उद्यिमयों ने जिले में निवेश और व्यवसाय से जुडी समस्याओं को सामने रखा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने इनके समाधान के लिए त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक विकास सिहाग ने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं के जरिए उद्यिमयों को न केवल जागरूक किया जाएगा, बल्कि योजनाओं का लाभ उठाने में भी विभाग द्वारा हर संभव सहायता दी जाएगी। कार्यशाला ने जिले के उद्यिमयों में निवेश और विकास के प्रति नया उत्साह जगाया। कार्यशाला में यूआईटी सचिव जेपी गौड़, सुधीर गर्ग, पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक अनु शर्मा, एलडीएम सुभाष कटियार, धर्मेंद्र दाधीच सहित जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में व्यवसायी व निवेशक मौजूद रहे।




उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र सीकर द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# नशा उन्मूलन का संदेश दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय एवं श्री जीबी मोदी पब्लिक स्कूल झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कला कौशल प्रशिक्षण शिविर में तंबाकू निषेध दिवस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं स्काउट गाइड जिला उप प्रधान विनोद सिंघानिया की अध्यक्षता तथा राजपूताना शिक्षा मंडल के सचिव एडवोकेट दिनेश कुमार के विशिष्ट आतिथ्य में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक एवं सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में जागरूकता के लिए तंबाकू निषेध एवं नशा उन्मूलन से संबंधित चित्रकला, निबंध, भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में कृतिका सिंह, सिमोना, रुचिका शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे तथा चित्रकला के जूनियर वर्ग में आरवी, आयुषी रोहिल्ला, जिया एवं सीनियर वर्ग में प्राची नारनौली, प्रियल हलवाई, दृष्टि क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने कहा कि नशा नाश की जड़ है। इससे पीढ़ियां बर्बाद हो जाती हैं। व्यक्ति का चारित्रिक मानसिक संतुलन खराब हो जाता है। विभिन्न प्रकार के रोग कैंसर, दमा, टीबी एवं असाध्य बीमारियां हो जाती हैं जो कि व्यक्ति के मृत्यु का कारण बनती है। गुर्जर ने इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को कहा कि हमें अपने जीवन में तंबाकू उत्पादों एवं नशे के सेवन से दूर रहना चाहिए एवं अपने जीवन को सात्विक रखे तथा संतुलित आहार लें। उन्होंने इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा नहीं करने की प्रतिज्ञा भी दिलाई तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्काउट गाइड जिला उप प्रधान विनोद सिंघानिया ने कहा कि छात्र-छात्राएं ग्रीष्मअवकाश में अपनी छुट्टियों का सदुपयोग कर रहे हैं यह अपने आप में अभिनव है। हमें अपने जीवन में देश एवं समाज के लिए कार्य करना है। इस अवसर पर एडवोकेट दिनेश कुमार ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में भावी पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की महत्ती आवश्यकता है तथा हमें अपने जीवन में तंबाकू उत्पादों से दूर रहना चाहिए।

इस अवसर पर उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय व्यवस्थाएं देने के लिए श्री जीबी मोदी पब्लिक प्रधानाचार्या रंजना मित्तल को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिह्न भेंट कर माला पहनाकर स्काउट गाइड के माध्यम से स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन का सीओ गाइड सुभिता महला ने किया।

### कार्यशाला आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर में भारत सरकार शिक्षा मन्त्रालय के अन्तर्गत संचालित केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सहकार से मीडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु-शिष्य परम्परान्तर्गत उपनयन संस्कार विषयक कार्यशाला और सामूहिक यज्ञोपवीत-वेदारम्भ-समावर्तन संस्कार के त्रिदिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत को पूर्णाहुति हुई। आयोजन के मुख्य सूत्रधार शशिकांत जोशी ने सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर नए उपनीत नतीजों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, राजकुमार खिरवेवाला, लक्ष्मीनारायण खाटूवाला, पंकज नाऊवाला, भवानी जाजोदिया, अजित सिंह शेखावत, नितिन शर्मा, प्रतीक हरितवाल, हिमांशु पारीक आदि प्रमुख रहें।समावर्तन व्याख्यान ने आचार्य महेन्द्र तथा बीकानेर के वैदिक विद्वान भंवरलाल शास्त्री ने अपना विषय रखा। संध्या वंदन के समय की जाने वाली मुद्राओं की जानकारी दी तथा साथ ही साथ संध्या वंदन करने की विधि व महत्व समझाया। यज्ञानुष्ठान से जुड़े परम्परागत आचार्यों का इस अवसर पर सम्मान किया गया, जिसमें शेखावाटी क्षेत्र के निष्णात पण्डित चंद्रशेखर जोशी, पंडित विष्णु जोशी, अमरचंद पुजारी, मनोज पाराशर पण्डित बलराम इंदौरिया शामिल हैं।

# सुलताना में संस्थापक हाथीरामजी की प्रतिमा के सामने प्रस्तावित सुलभ शौचालय का ग्रामीणों ने विरोध किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के सुलताना कस्बे में मुख्य बाजार स्थित सुलताना के संस्थापक हाथीराम की प्रतिमा के सामने प्रस्तावित सुलभ शौचालय निर्माण का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को नगरपालिका चेयरमैन घीसाराम को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित निर्माण कार्य नही करवाने और शौचालय को किसी अन्य स्थान पर स्थानान्तरित करने की मांग की।

ज्ञापन देने से पूर्व स्मारक स्थल पर एक आम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में प्रस्तावित शौचालय निर्माण को हाथीरामजी स्मारक की गरिमा और श्रद्धा के विरूद्ध बताते हुए सर्वसम्मति से इसका विरोध किया गया। कस्बे के व्यापारियों ने भी प्रस्तावित स्थान पर शौचालय निर्माण का विरोध किया है। उनका कहना है कि सुलताना के संस्थापक हाथीरामजी पूरे क्षेत्र के लिए आदर्श और श्रद्धेय व्यक्तित्व रहे हैं। उनकी प्रतिमा के सामने शौचालय बनाना न केवल अनुचित है, बल्कि स्थानीय जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है। हाथीरामजी स्मारक समिति के अध्यक्ष कैप्टन रूपसिंह की अगुवाई में ग्रामीणों ने नगरपालिका चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा। समिति का कहना है कि किसी भी स्थिति में प्रतिमा स्थल के सामने शौचालय नहीं बनने दिया जाएगा।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक सुविधाओं की आवश्यकता को समझते हुए शौचालय का निर्माण किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर कराया जाए। ग्रामीणों ने साफ कहा कि वे स्वच्छता जैसे अभियान का समर्थन करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों की गरिमा को भुला दिया जाए। इस मौके पर पृथ्वीसिंह, करणीसिंह, जितेंद्रसिंह, राजेंद्रसिंह, गोविंदसिंह, प्यारेलाल शर्मा, श्रीराम वर्मा, हरिराम चांवरिया, प्यारेलाल चांवरिया, नरेश जोशी, महेश भदुन्दिया, सांवरमल कुमावत, अशोक सोनी, पाल जी टेलर, विजय कलिया, गुलाम हुसैन, अली शेर, संतोष किठानिया, वीरेंद्रसिंह, मदनसिंह, अजीतसिंह, विनोद कुमार, नरपतसिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



जिले के सुलताना कस्बे में मुख्य बाजार स्थित सुलताना के संस्थापक हाथीराम की प्रतिमा के सामने प्रस्तावित सुलभ शौचालय निर्माण का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 60/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्रीमती अंजू लता पत्नी श्री रामचन्द्र मील निवासी वार्ड नम्बर 18, रोहिनी नगर, कचोलिया मार्ग, चोमू, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत विनायक शिक्षा संस्थान, शिवसिंहपुरा, सीकर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 22.07.2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर



राजस्थान सरकार
**कार्यालय तहसीलदार भू.अ. भानीपुरा (चूरू)**

क्रमांक :- भू.अ. /2025/2098 दिनांक 28.05.2025

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सादुलाराम पुत्र केशराराम जाति मेघवाल निवासी ढाणी राणासर पंवारान तहसील भानीपुरा जिला चूरू ने प्रार्थना-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि रोही राणासर पंवारान के खसरा नं. 535 तादादी 50.17 बीघा भूमि के मीरा पुत्री राई जाति मेघवाल निवासी राणासर पंवारान के 1/3 हिस्सा खातेदारी दर्ज है। खातेदार मीरा पुत्री राई उक्त भूमि की वसीयत दिनांक 14.02.2002 को नोरंगराम, सादुलाराम, पुराराम पुत्रगण केशराराम जाति मेघवाल निवासी ढाणी राणासर पंवारान के नाम लिखवा दी। वसीयतकर्ता का देहांत दिनांक 20.07.2002 को हो गया है। प्रार्थीगण उक्त वसीयत के आधार पर अपने नाम नामांतरण दर्ज व तसदीक करवाना चाहते है। इसलिए इस आम सूचना द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बाबत किसी को कोई उजर ऐतराज हो, तो वह अपना एतराज मय सबूत साक्ष्य इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में पेश करे। अवधि पश्चात कोई आपत्ति/एतराज मान्य नहीं होगा।

तहसीलदार (भू.अ.) भानीपुरा


# रेडियो प्रसारण की बारीकियां सीखी

**झुंझुनूं,** (निसं)। कृषि शिक्षा को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कृषि महाविद्यालय चांदगोठी जिला चूरू के बीएससी ऑनर्स कृषि के 13 विद्यार्थियों ने जिला मुख्यालय स्थित एफएम 91.2 झुंझुनूं की आवाज रेडियो स्टेशन का शैक्षिणक भ्रमण किया। यह दौरा स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर से संबद्ध महाविद्यालय के पाठ्यक्रम के अंतर्गत एजीईएक्सटी-321 शैक्षिणक भ्रमण विषय के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस टीम का नेतृत्व डॉ. जयपाल सिंह व्याख्याता कृषि प्रसार शिक्षा ने किया। दौरे के दौरान छात्रों को बताया गया कि रेडियो कार्यक्रम की योजना, निर्माण और प्रसारण की प्रक्रिया किस प्रकार होती है।

उन्होंने रेडियो जॉकी (आरजे) की भूमिका, श्रोताओं से संवाद स्थापित करने की कला, गानों का चयन, स्क्रिप्टिंग, रिकॉर्डिंग और लाइव कार्यक्रम संचालन जैसी तकनीकी जानकारियां प्राप्त की। रेडियो की तकनीकी टीम ने छात्रों को यह भी बताया कि किस प्रकार रेडियो, विशेषकर सामुदायिक रेडियो, ग्रामीण समाज में सूचना और जागरूकता का प्रभावशाली माध्यम बनता जा रहा है। छात्रों ने स्टूडियो में चल रहे लाइव शो को देखा, तकनीकी सवाल पूछे और पत्रकारिता से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर रेडियो स्टेशन के निदेशक राजेश अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षिणक भ्रमण युवाओं को न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें कृषि संचार और जनसंचार के क्षेत्र में करियर की नई दिशा भी दिखाते हैं। डॉ. जयपाल सिंह ने भी रेडियो की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडियो के जरिए किसानों तक महत्वपूर्ण जानकारियां पहुंचाई जा सकती हैं। जिससे उनकी खेती की पद्धितयों और जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। छात्रों ने इस दौरे को बेहद प्रेरणादायक, ज्ञानवर्धक और रोचक बताया। उन्होंने साझा किया कि उन्होंने पहली बार जाना कि रेडियो प्रसारण के पीछे कितनी मेहनत, तैयारी और टीमवर्क शामिल होता है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**झुंझुनूं** (निसं)। ढूकिया हॉस्पिटल झुंझुनूं द्वारा ईएसआईसी कार्डधारकों का निःशुल्क चिकित्सा सलाह एवं परामर्श शिविर का आयोजन टाटा मोटर्स झुंझुनूं व मारूति सुजूकी प्राइवेट लिमिटेड व श्री कृष्णा हुंडई झुंझुनूं में किया गया। जिसमें न्यूरो विशेषज्ञ डॉ. नितिन चौधरी, गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय ओला, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. महेंद्र एवं जनरल फिजिशियन डॉ. इरफान नजीर, डॉ. अपूर्व मान, डॉ. रिसब चौधरी द्वारा स्वास्थ्य संबंधित सलाह व परामर्श दिया गया।


राजस्थान सरकार
**न्यायालय तहसीलदार राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांक:-भू.अ. /2025/2291-96 दिनांक :- 23.05.2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी सुरेश कुमार पुत्र श्री रामकरण जाति नाई निवासी किशनपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू ने दिनांक 09.12.2024 को एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि रोही ग्राम किशनपुरा तह. राजगढ़ जिला चूरू के खसरा सं. 962/114 व 854/100 तादादी 0.7600 व 1.5400 है. भूमि की पंजीकृत वसीयत श्रीमती तारावती पत्नी श्री रामकरण जाति नाई निवासी किशनपुरा तह. राजगढ़ द्वारा श्री दुलाराम, रणसिंह, सुरेश कुमार पि. रामकरण व कांता पत्नी नरेंद्र कुमार जाति समस्त नाई निवासी किशनपुरा तह. राजगढ़ जिला चूरू के पक्ष में की गई है। वसीयकर्ता तारावती की मृत्यु हो चुकी है। जिनका वसीयत के आधार पर नामांतरण दर्ज करवाने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त वसीयत अनुसार रोही किशनपुरा तह. राजगढ़ जिला चूरू की उपर्युक्त वर्णित भूमि का नामांतरण दुलाराम, रणसिंह, सुरेश कुमार व कांता के पक्ष में ब.हि.ब. दर्ज किया जाना है, इस बाबत किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति, एतराज हो तो दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशन की दिनांक से 10 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति इस कार्यालय में दर्ज करावें, समयावधि समाप्ति के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति व एतराज स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा वसीयत अनुसार नामांतरण दर्ज कर दिया जायेगा। यह सार्वजनिक सूचना आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर द्वारा जारी की गई।

तहसीलदार (भू.अ) राजगढ़ (चूरू)


# महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**चूरू** (निसं)। अंचल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती गुरुवार को समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महाराणा प्रताप विकास समिति रतननगर की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार शाम को रतननगर के मुख्य बाजार को केसरिया ध्वजों से सजाया गया और बस स्टैंड पर प्रस्तावित मूर्ति स्थापना स्थल पर समिति के संरक्षक व अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर वासियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान शहरवासियों ने महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे लगाए व एक-दूसरे को मिठाई वितरित की। इसी श्रृंखला में गुरूवार रात्री को थैलासर स्थित श्री बाल हरिराम दुर्ग में स्मृतिशेष सम्पत देवी भंवरलाल हीरावत परिवार के सौजन्य से बाड़मेर के विख्यात गायक कलाकार छोटूसिंह रावणा व रामावतार मारवाडी द्वारा देश भक्ति व भजन संध्या की प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर समिति संरक्षक बसंत हीरावत, अध्यक्ष कैप्टन (नेवी) दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, मंत्री सम्पत तंवर, कोषाध्यक्ष प्रो. डॉ. के.सी. सोनी, सदस्य उदय सिंह, गौरव शर्मा व थैलासर के गणमान्य लोगों ने गायक छोटू सिंह का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान छोटू सिंह को महंत शिवनाथ महाराज ने अमृतनाथ व रतिनाथ महाराज की तस्वीर व थैलासर के नवयुवकों ने तलवार भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना से किया गया।

इस दौरान छोटू सिंह रावणा ने हरे घास री रोटी, पन्ना काली बा अंधियारी आधी रात पद्मीनी स्वाभीमान, तीन बाण के धारी, म्हारी गाड़ी को डलेवर, हल्दी घाटी में समर लड्यो वो चेतक रो असवार कठै, सालासर बालाजी व करणी माता सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। व्यवस्था कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने बताया गढ प्रांगण में 3000 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था करने के बावजुद भी लोगों को बैठने की जगह नहीं मिली।

उपस्थित दर्शकों ने गायकारों का तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में थैलासर के गणमान्य नागरिकों ने समिति संरक्षक बसंत हीरावत का साफा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



चूरू में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।

### 15 दिवसीय अभिरूचि शिविर का समापन

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजपूताना शिक्षा मंडल द्वारा संचालित शाह मार्केट स्थित जी.बी. मोदी पब्लिक विद्यालय में 15 दिवसीय अभिरूचि शिविर का समापन समारोह मुख्य अतिथि सी.एम.एच.ओ. डॉ छोटेलाल गुर्जर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। संस्था प्रधानाचार्या रंजना मित्तल ने बताया कि 15 दिवसीय अभिरूचि शिविर में अनेक प्रकार की गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें गीत, संगीत, बैडमिंटन, स्केटिंग, मेहंदी , पाक-कला , नृत्य , कंप्यूटर स्किल , हिंदी और अंग्रेजी सुलेख ,सिलाई ,आर्ट, क्राफ्ट, चित्रकला आदि गतिविधियां शामिल थी। कार्यक्रम के अन्तर्गत स्काउट गाइड द्वारा तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अनेक प्रतियोगिताओं के लिए विजेता प्रतियोगियों को प्रतिक चिन्ह के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए अतिथि महोदय द्वारा भाषण में कहा गया है कि सभी को तंबाकू का पूरी तरह से निषेध कर देना चाहिए क्योंकि तंबाकू से खतरनाक बीमारियां होती हैं, इसी के साथ उन्होंने संस्था में उपस्थित सभी को तंबाकू निषेध हेतु शपथ दिलाई।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

निविदा सूचना

संख्या-9 एसी/एसटीबीए/2025-26 दिनांक 29.05.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मंडल के NSG – 6 श्रेणी के 04 स्टेशनों पर, (प्रत्येक स्टेशन पर एक) कम्पयूटीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) से कमीशन आधार पर अनारक्षित रेल टिकट जारी करने के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । ठेके का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। **1. कार्य का नाम एवं लोकेशन :** बीकानेर मंडल के निम्नलिखित NSG–6 श्रेणी स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट का चयन हेतु आवेदन पत्र। रामसिंहपुर, डबली राठान, सरुपसर एवं रामपुरा बेरी। **2. निविदा प्रपत्र का मुल्य :** रूपये=1000/– (एक हजार रूपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर के नाम देय हो । **3. जमा की जाने वाली बयाना राशि :** रूपये =2000/– (दो हजार रूपये मात्र) एन. एस. जी – 6 स्टेशन के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर के नाम देय हो। **4. कार्य अवधि :** तीन (3) वर्ष की अवधि के लिए। **5. निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख व समय :** 26.06.2025 को 15.00 बजे तक **6. निविदा खुलने की तारीख व समय :** 26.06.2025 को 15.30 बजे **7. कार्यालय जहाँ से फार्म प्राप्त किया जा सकता है ।** : वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वाणिज्य शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर। **8. वैबसाइट का विवरण :** http//www.nwr.indianrailways.gov.in

631-CR/25

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें